# षोडश

# बिहार विधान सभा

## नवम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 06 चैत्र, 1940 (श0) / 27 मार्च, 2018 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 106**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | 59 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग | .. | 04 |
| (3) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | 20 |
| (4) | समाज कल्याण विभाग | .. | 11 |
| (5) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | 08 |
| (6) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | 02 |
| (7) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | 01 |
| (8) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 106 |

बालू हटाना

*2197. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अगस्त, 2017 में किशनगंज जिला में आयी बाढ़ के कारण महानन्दा एवं कनकई नदी के किनारे किसानों के खेतों में बालू भर गया है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त किसानों को उचित मुआवजा प्रदान कर उनके खेतों से बालू हटाने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदेशकों की नियुक्ति

*2198. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत पूर्व अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों को सरकारी सेवा में सामंजन कराने हेतु वर्ष 2012 में माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा न्यायादेश पारित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के चयनित सभी पूर्व अनुदेशकों का तीन बार कांउसलिंग होने के बाद भी अभीतक नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया, जबकि गोपालगंज एवं सीवान के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सारण जिला के पूर्व में चयनित अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2199. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड स्थित ग्राम-उसरी में वर्ष 2013-14 में बाल विकास परियोजना केन्द्र संख्या 43 के भवन निर्माण हेतु प्राक्कलित राशि 4,66,000 रुपये के विरुद्ध कनीय अभियंता द्वारा 2,12,000 रुपये का मापी पुस्तिका में दर्ज के उपरान्त चार वर्ष बीत जाने के बाद भी बाल विकास परियोजना का भवन अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अर्द्धनिर्मित भवन का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*2200. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा प्रखंड के पंचायत राजापाकर ग्राम-मनसौन बलहा में एक भी प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2201. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड कोचस में खेल स्टेडियम नहीं होने के कारण युवकों को खेल-कूद में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में स्टेडियम निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2202. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के अपसढ़ गाँव में 1984 से वित्त रहित शिक्षा नीति के अन्तर्गत उच्च विद्यालय संचालित है, परन्तु इंटर की पढ़ाई नहीं होने से उच्च शिक्षा पाने में छात्र/छात्राओं को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत के उच्च विद्यालय को इंटर विद्यालय में उत्क्रमित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रदूषण पर रोक लगाना

*2203. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आवाज वाले डीजल जेनरेटर के संचालन पर केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड द्वारा रोक लगा दिये जाने के बावजूद राज्य में धड़ल्ले से बैंकों और सरकारी कार्यालयों में डीजल जेनरेटर चलाया जा रहा है, जिससे धुआँ और आवाज से घोर प्रदूषण हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार धुआँ और आवाज वाले डीजल जेनरेटरों पर रोक लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना बनाना

*2204. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार, सोनबरसा सहित सभी प्रखंडों में जंगली सुअर द्वारा किसानों का फसल बड़े पैमाने पर नष्ट किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जंगली सुअर से फसलों को बचाने के लिये कौन-सी योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बताना

*2205. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री नि:शक्त जन शिक्षा ऋण योजना अन्तर्गत वैसे 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग विद्यार्थी जो डिप्लोमा, एम0बी0ए0, एम0सी0ए0, बी0टेक तथा अन्य तकनीकी/व्यावसायिक पढ़ाई करना चाहते हैं उन्हें 5 लाख तक का ऋण अधिकतम 4 प्रतिशत ब्याज दर पर उलब्ध कराने की सरकार की योजना है, यदि हाँ, तो इस योजना का लाभ पूर्वी चम्पारण जिला के नि:शक्तों को नहीं मिल पाने का क्या औचित्य है ?

--------

शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*2206. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मढ़ौरा प्रखंड के 10+2 विद्यालय, शिलहौंड़ी सहित 5 एवं नगरा प्रखंड के 10+2 विद्यालय, रामपुर कला सहित 4 विद्यालयों में गणित, विज्ञान, उर्दू, संस्कृत एवं अर्थशास्त्र के शिक्षक नहीं रहने के कारण पठन-पाठन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त 10+2 विद्यालयों में उक्त विषय के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य योजना बतलाना

*2207. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 17 फरवरी, 2018 को प्रकाशित खबर ''राजधानी के स्कूली बच्चे आ रहे सिगरेट और गांजा के चपेट में'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी के स्कूली बच्चों द्वारा सिगरेट एवं गांजा का सेवन किया जाता है जिससे विद्यालय का शैक्षणिक माहौल खराब हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में सिगरेट पान की दूकान नहीं खोलने का प्रावधान है, किन्तु राजधानी के लगभग सभी विद्यालयों के आस-पास इस प्रकार की दूकाने चल रही हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राजधानी पटना के विद्यालयों के छात्रों को व्यसन से दूर रखने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

--------

शिक्षकों का स्थानान्तरण

*2208. श्री जर्नादन मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में शिक्षकों को तीन वर्षों बाद अनुमंडल से, छः वर्षों बाद जिला से एवं दस वर्षों बाद प्रमंडल से स्थानान्तरण करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के भगवानपुर प्रखंडान्तर्गत श्री नन्दकिशोर सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, हुलेसड़ा सहित 50 शिक्षकों को विगत 12 वर्षों बाद भी अबतक स्थानान्तरण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंड के शिक्षकों का स्थानान्तरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त करना

*2209. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के मारवाड़ी पाठशाला, घंटाघर का भवन जर्जर है एवं वर्ग कक्ष की कमी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि टी0एन0बी0 कॉलेजिएट स्कूल, नया बाजार की जमीन अतिक्रमित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय के भवन एवं वर्ग कक्ष का निर्माण तथा उक्त स्कूल के अतिक्रमित जमीन को कबतक मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उच्च विद्यालय का जीर्णोद्धार

*2210. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''मिट रहा श्री लक्ष्मी उच्च विद्यालय का वजूद'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा प्रखंड में स्थित श्री लक्ष्मी उच्च विद्यालय का रख-रखाव में कमी एवं अतिक्रमण के कारण खंडहर में तब्दील हो गया है, जिसके कारण छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये उक्त उच्च विद्यालय का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*2211. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड में कचौड़ी एवं खण्डैल में खेल के मैदान का घेराबंदी नहीं रहने के कारण मैदान का अतिक्रमण हो रहा है एवं बच्चों को खेलने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मैदान का घेराबंदी कर स्टेडियम कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

परीक्षा का आयोजन

*2212. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके सत्र 2014-16 एवं सत्र 2015-17 के अभ्यर्थियों की परीक्षा अभीतक नहीं ली गयी है, जिसके कारण आर्थिक नुकसान हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सत्रों के अभ्यर्थियों की परीक्षा कबतक आयोजित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति

*2213. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान में कार्यरत 400 शिक्षक राज्य के विद्यालयों में प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रधानाध्यापकों का 50 प्रतिशत पद प्रोन्नति के द्वारा भरे जाने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान में कार्यरत शिक्षकों को स्थायी प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षक का पदस्थापना

*2214. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत योगापट्टी प्रखंड के रा0 प्रा0 वि0, गोनरिया, वार्ड 3, पंचायत राज दोनवार महादलित बस्ती में लगभग डेढ़ सौ छात्र/छात्रा होने के बावजूद मात्र एक शिक्षिका प्रतिनियुक्त है जिसके अभाव में मध्याह्न भोजन भी नियमित नहीं बनता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में तीन अतिरिक्त शिक्षक/शिक्षिका पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*2215. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार कि नव-प्रस्वीकृत 69 कोटि के संस्कृत विद्यालयों के पत्रांक 674, दिनांक 8 सितम्बर, 2015 के आलोक में शिक्षक/शिक्षकेतर कर्मचारियों के वेतनादि के भुगतान हेतु राशि की स्वीकृति सरकार द्वारा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 1 सितम्बर, 2015 के प्रभाव से देय नियत वेतन भुगतान हेतु तीन करोड़ चौबीस लाख तेईस हजार रुपये का आवंटन भी हुआ था ;

(3) क्या यह बात सही है कि एक साथ स्वीकृत राज्य के मदरसा विद्यालयों को दो बार भुगतान किया जा चुका है, जबकि संस्कृत विद्यालयों का भुगतान एक बार भी नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के नव-प्रस्वीकृत 69 कोटि के संस्कृत विद्यालयों का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय का भवन निर्माण

*2216. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला-सीवान के कर्मयोगी नारायण माध्यमिक विद्यालय, गौरेयाकोठी का भवन जर्जर है तथा उक्त विद्यालय के भू-खंड पर निजी स्वरूप में संचालित कर्मयोगी नारायण गुरूकुल द्वारा भूमि अतिक्रमण होने के कारण वर्णित विद्यालय भवन निर्माण की राशि 2017 में वापस हो गयी, यदि हाँ, तो सरकार अतिक्रमण से मुक्त कराकर उक्त भू-खंड पर विद्यालय भवन का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2217. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में एक स्टेडियम निर्माण का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत थरथरी प्रखंड में स्टेडियम नहीं रहने के कारण खेल प्रेमियों को कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंड में स्टेडियम निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2218. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड स्थित आदर्श उच्च विद्यालय, बाचोपट्टी नरहा का खेल का मैदान अत्याधुनिक स्टेडियम बनाने की सभी अर्हता रखती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित खेल मैदान में अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*2219. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड में स्टेडियम नहीं है, जबकि उक्त प्रखंड अन्तर्गत बैरिया पंचायत के मदरसा आवेदिया, बैरिया के अध्यक्ष अपने मैदान में स्टेडियम बनाने के लिये अपनी सहमति प्रदान कर चुके हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*2220. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखंड के उच्च विद्यालय, महम्दपुर +2, उच्च विद्यालय, माफी +2 के भवन का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2008-09 में शुरू हुआ था तथा वित्तीय वर्ष 2010-11 में पूरा किया जाना था जो आजतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे भवनों के निर्माण कार्य को कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षक का पदस्थापन

*2221. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढा प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, शिवलाल टोला चापी के 10+2 में एक भी शिक्षक नहीं हैं जबकि उक्त विद्यालय में 250 बच्चों का नामांकन +2 में हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में 10+2 के शिक्षक की पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

क्लास रूम का निर्माण

*2222. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के उच्चतर माध्यमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर की व्यवस्था है, परन्तु कम्प्यूटर वर्ग के अभाव के कारण कम्प्यूटर की पढ़ाई में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के सभी उच्चतर एवं माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर क्लास रूम का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय की स्थापना

*2223. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक पंचायत में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्थापना करने का राज्य सरकार का संकल्प है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा प्रखंड के मौजमपुर पंचायत, महमदा पंचायत एवं मुसेपुर पंचायत में कोई उच्च माध्यमिक विद्यालय नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों में उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है ?

जाँच कराना

*2224. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के मंगवार पंचायत के मध्य विद्यालय, दुर्गापुर एवं प्राथमिक विद्यालय, बिसहरी स्थान के प्रधानाध्यापक द्वारा वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 के लिये मिड डे मिल की राशि की निकासी की गयी परन्तु छात्रों के बीच मिड डे मिल का वितरण नहीं किया गया, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षक का पदस्थापना

*2225. डॉ0 शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में वर्ष 2009-10 से अबतक 85 मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक उत्क्रमित विद्यालय में शिक्षकों का 6 पद सृजित किया गया है लेकिन उक्त 85 उत्क्रमित विद्यालयों में मात्र 79 शिक्षक ही प्रतिनियुक्त हैं जबकि उक्त उत्क्रमित विद्यालयों में 431 सृजित पद रिक्त हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सभी 85 उत्क्रमित विद्यालयों में रिक्त पदों पर शिक्षकों को पदस्थापित कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2226. श्री अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के अनुरूप महादलित विकास निगम द्वारा सभी महादलित टोलों में सामुदायिक भवन एवं वर्क शेड का निर्माण करना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सत्तर कटैया प्रखंड के मोकना, राम टोली एवं सत्तर महादलित टोला तथा नवहट्टा प्रखंड के नौला गाँव एवं सत्तौर गाँव के महादलित टोला में सामुदायिक भवन का निर्माण नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (2) में वर्णित स्थानों पर सामुदायिक भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2227. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बोखड़ा प्रखंड के ग्राम-कुरहर में शेरहा खेल का मैदान अत्याधुनिक स्टेडियम बनाने की सभी अर्हता रखती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित खेल मैदान में अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2228. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के सरौनी, मधेपुरा पंचायत के बजराहा गाँव में स्थित मध्य विद्यालय, बजराहा जिसमें छात्रों की संख्या 200 से अधिक है, यदि हाँ, तो सरकार मध्य विद्यालय, बजराहा को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2229. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत अतरी प्रखंड के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, टेटुआ के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बगैर प्रबंधन समिति के अनुमोदन के विकास कोष के राशि की निकासी की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार जाँच करवाकर दोषी प्रभारी प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*2230. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित महपतिया पंचायत के सोनवर्षा गाँव में साढ़े तीन कि0मी0 की दूरी में कोई प्राथमिक विद्यालय अवस्थित नहीं है, फलस्वरूप उक्त गाँव के बच्चे-बच्चियाँ प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में प्राथमिक विद्यालय कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बालू विक्रय की अनुमति देना

*2231. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लाल बालू की उपलब्धता के अभाव में मकान बनाने, प्रधानमंत्री सड़क और आवास बनाने तथा सरकार की कई योजनाएँ अवरुद्ध हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी अनुमंडल के लिये हरि प्रसाद अग्रवाल, आलोक कुमार देव और अन्य तीन व्यक्तियों को नवम्बर, 2017 में बालू के खुदरा विक्रेता के लिये अनुज्ञप्ति स्वीकृति की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन अनुज्ञप्तिधारियों को बालू विक्रय की अनुमति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पद स्वीकृत करना

*2232. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के 886 राजकीय मध्य विद्यालयों में स्नातक कला के शिक्षकों के कुल स्वीकृत पद 646 हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम क्षेत्र के 60 राजकीय मध्य विद्यालयों में स्नातक कला के एक भी स्वीकृत पद नहीं हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो दरभंगा नगर निगम क्षेत्र के विद्यालयों में स्नातक कला के शिक्षकों का पद स्वीकृत नहीं होने का क्या औचित्य है ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2233. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के काशीचक प्रखंड में स्टेडियम नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इंटर विद्यालय, चंडीनोवां, काशीचक में स्टेडियम हेतु बड़ा मैदान है जहाँ खेल-कूद का आयोजन होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मैदान में स्टेडियम कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्निविदा आमंत्रित करना

*2234. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निदेशक, मध्याह्न भोजपन के पत्रांक 2226, दिनांक 20 नवम्बर, 2017 द्वारा संवेदक चयन हेतु प्राप्त नवीन दिशा-निर्देश के आलोक में मुंगेर जिला के सभी प्रखंडों में मध्याह्न भोजन हेतु खाद्यान्न पहुँचाने के लिये दिनांक 1 फरवरी, 2018 को निविदा प्रकाशित की गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि निविदा में प्रकाशित विशिष्टियाँ यथा चरित्र, आवासीय प्रमाण-पत्र, गाड़ी के फिटनेस, टैक्स टोकन, इंश्योरेंस की छाया प्रतियों को राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर समर्पित करना था जिसका अनुपालन नहीं किये जाने के बावजूद निविदादाताओं की निविदा को निष्पादित करने की कार्रवाई की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निविदा सूचना को निरस्त कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*2235. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सोनों एवं चकाई द्वारा योजनाओं के संचालन में शिथिलता बरती जा रही है, जिसके कारण योजनाओं का लाभ गरीबों को नहीं मिल रहा है, उक्त योजना में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अन्तर्गत गर्भवतियों की खोज एवं किशोरी बालिका योजना भी शामिल है, यदि हाँ, तो सरकार दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये उक्त योजना का लाभ कबतक गरीबों को पहुँचाने का विचार रखती है ?

राशि देना

*2236. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बरहट प्रखंड अन्तर्गत कोल्हुआ, केवाल नामक गाँव में लाभुकों को वृद्धा पेंशन एवं कन्या विवाह का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव के लाभुकों को वृद्धा पेंशन एवं कन्या विवाह की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अवैध नियुक्ति रद्द करना

*2237. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखंड के कौशल्या संस्कृत उच्च विद्यालय, महुआ, वैशाली में दिनांक 1 अप्रील, 2013 को बिना विज्ञापन, बिना समिति की अनुशंसा एवं बिना नियुक्ति प्रक्रिया अपनाये ही अवैध रूप से पाँच शिक्षकों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति की गयी है, नियुक्ति के समय उनकी उम्र राज्य सरकार द्वारा निर्धारित उम्र सीमा से भी अधिक थी, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नियुक्ति की जाँच कराते हुये अवैध नियुक्ति को रद्द करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कला एवं संस्कृति केन्द्र खोलना

*2238. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र के युवाओं को विशेषकर आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के युवाओं को कला एवं संस्कृति संबंधी ज्ञान प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर आंशिक रूप स्वीकारात्मक हैं । कला एवं संस्कृति के ज्ञान हेतु मंच एवं सुविधा उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है जिसके लिये प्रथमतः राज्य के प्रमंडलीय जिला मुख्यालय के जिलों (पटना को छोड़कर) में मानक प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी के निर्माण की योजना है । प्रखंड स्तर पर सांस्कृतिक केन्द्र बनाने की सरकार की कोई योजना अभी नहीं है ।

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2239. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने राज्य के सभी प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कराने का निर्णय 4 वर्ष पूर्व लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलांतर्गत फुलपरास प्रखंड एवं घोघरडीहा प्रखंड में स्टेडियम का निर्माण नहीं होने से खेल प्रेमियों को खेलने में कठिनाई होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि फुलपरास प्रखंड के उच्च विद्यालय, बेलहा तथा घोघरडीहा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के भपटियाही, दुर्गा, खेल मैदान में स्टेडियम हेतु पर्याप्त जमीन उपलब्ध है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

छात्रावास का निर्माण

*2240. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला मुख्यालय में 250 छात्रों के रहने की क्षमता वाले रा0 अम्बेदकर कल्याण छात्रावास संचालित है, जबकि उक्त छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्रों की संख्या अधिक है, यदि हाँ, तो सरकार छात्रों की संख्या के अनुपात में नये छात्रावास का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कला भवन का निर्माण

*2241. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार नगर में कला भवन एवं रंगमंच के अभाव में रंगकर्मी एवं कलाकारों का अभ्यास एवं कला प्रस्तुति में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कटिहार नगर में सभी सुविधाओं से युक्त कला भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2242. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखंड के नेरूत उच्च विद्यालय +2 में वित्तीय वर्ष 2012-13 में स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया गया था, परन्तु आजतक स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार नेरूत उच्च विद्यालय +2 में स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का वितरण

*2243. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहाँ विधान सभा के अधीन राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना इत्यादि योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को वर्ष 2016 से वंचित रखा गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजनाओं की राशि का वितरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*2244. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखंड के पुलाढ़ पंचायत के राजकीयकृत उच्च विद्यालय, मंसुरपुर में कुल विद्यार्थियों की संख्या 1890 हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में मात्र 15 शिक्षक प्रतिनियुक्त हैं जिससे विद्यार्थियों के पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिबंध लगाना

*2245. श्री (डॉ0) शमीम अहमद--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बड़े पैमाने पर छोटी-मोटी जरूरतों के सामान लाने हेतु लोग पॉलीथीन का उपयोग करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पॉलीथीन के कारण पूरे राज्य में नाला एवं नालियों में पॉलीथीन के कारण चैंबर जाम हो जाता है, फलत: पानी निकासी में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पॉलीथीन पर प्रतिबंध लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*2246. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार नगर में एक मात्र खेल मैदान राजेन्द्र स्टेडियम की कुर्सियाँ टूटी हुई है, जिसके कारण खेल प्रेमियों को बैठने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार चालू वित्तीय वर्ष में उक्त स्टेडियम में कुर्सियाँ एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*2247. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड अधीन विशुनपुर पंचायत में सिकटाहा आदिवासी टोला तथा तेरासी टोला एवं फुलबड़िया मुसहरी में प्राथमिक विद्यालय नहीं होने के कारण छात्रों को प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है ?

--------

पदस्थापन करना

*2248. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखंड के बभनगामा हाई स्कूल में प्रधानाध्यापक के पद रिक्त रहने के कारण विद्यालय में पठन-पाठन के साथ-साथ प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कबतक पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सहायिका की नियुक्ति

*2249. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 23,041 आँगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग 3 हजार आँगनबाड़ी केन्द्रों पर सहायिका की नियुक्ति नहीं होने के कारण उक्त आँगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सही ढंग से नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के 3 हजार आँगनबाड़ी केन्द्रों पर सहायिका की नियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलना

'क'-*2250. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत गोबिन्दपुर प्रखण्ड में पॉलिटेक्निक कॉलेज नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गोबिन्दपुर में एक पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलवाने का विचार रखती है ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*2251. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर में स्थित 135 वर्ष पूर्व निर्मित टी0 एन0 बी0 कॉलेज में 8,000 से अधिक छात्र/छात्राएँ पठन-पाठन करते हैं, उक्त कॉलेज का भवन एवं छात्रावास 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कॉलेज का भवन एवं छात्रावास का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*2252. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ पूर्व प्रखण्ड में पर्यावरण सुरक्षा के लिये एक भी बोटनिकल गार्डन नहीं है, जबकि बोटनिकल गार्डन निर्माण के लिये पूर्णियाँ पूर्व प्रखण्ड के चाँदी पंचायत के रानीपतरा में जगह उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर बोटनिकल गार्डन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

नोट--'क'- शिक्षा विभाग के ज्ञापांक 211, दिनांक 15 मार्च, 2018 द्वारा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग में स्थानान्तरित ।

भवन का निर्माण

*2253. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत नीमचक बथानी प्रखण्ड में प्राथमिक विद्यालय, महादेव बिगहा को वर्ष 2007 में ही म0 वि0 में उत्क्रमित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उत्क्रमण के 10 वर्षों के बाद भी विद्यालय भवन का निर्माण नहीं किया गया जबकि विद्यालय के बगल में ही पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुदेशकों का समायोजन

*2254. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा LAP संख्या 1489/2011 एवं Civil Review संख्या 344/2006 तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा SLP संख्या 32079/2015 द्वारा पारित आदेश के आलोक में भूतपूर्व अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों का समायोजन बिहार सरकार के संकल्प संख्या 945, दिनांक 27 अप्रील, 2017 के आलोक में भोजपुर जिला के द्वारा समूह 'घ' में करना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इनके समायोजन हेतु पत्रांक 216, दिनांक 23 नवम्बर, 2017 द्वारा भोजपुर जिला के जिला स्तरीय कमिटी द्वारा कुल 110 (एक सौ दस) भूतपूर्व अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों की सूची सहित जन-शिक्षा निदेशालय, पटना को उपलब्ध करा दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अनुदेशकों का समायोजन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रैक का पक्कीकरण

*2255. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित ईको पार्क में प्रतिदिन सुबह हजारों व्यक्ति टहलने जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि टहलने का रास्ता (वाकिंग ट्रैक) कच्चा रहने के कारण धूल उड़ता है, जिससे एलर्जी, दमा रोगी तथा बुजुर्गों को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पार्क के वाकिंग ट्रैक का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2256. श्री अशोक कुमार (208)--स्थानीय समाचार-पत्र में दिनांक 12 मार्च, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''पत्राचार में गुम हो गया 34 करोड़ के घोटाले का मामला'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, महदीगंज में घोटाला प्रमाणित होने के बाद जिला शिक्षा पदा0 अपने पत्रांक 326 के माध्यम से प्रभारी प्रधानाध्यापक पर एफ0आई0आर0 करने का निर्देश प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को देने के बाद भी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा एफ0आई0आर0 नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 26 नवम्बर, 2016 को जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी एवं ए0डी0एम0 की राजदेव जी के टीम ने संयुक्त रूप से पुनः जाँच कर उक्त प्रभारी प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रभारी प्रधानाध्यापक पर एफ0आई0आर0 करने के साथ-साथ उसे बचाने वाले प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक भवन का निर्माण

*2257. श्री रामविलास पासवान--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखण्ड में एक भी अनुसूचित जाति सामुदायिक विकास भवन नहीं रहने के कारण उक्त प्रखण्ड के लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रम करने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड मुख्यालय के समीप सुंदरपुर ग्राम (अनुसूचित जाति टोला) में एक अनुसूचित जाति सामुदायिक विकास भवन का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*2258. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने सभी पंचायतों में एक उच्च विद्यालय स्थापित कराने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के किसनपुर प्रखण्डान्तर्गत ग्राम पंचायत, परसामाधो में उच्च विद्यालय नहीं रहने से यहाँ के बच्चे एवं बच्चियों को उच्च शिक्षा पाने में कठिनाई होता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, परसामाधो उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किये जाने की सारे शर्तों को पूरा करता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उत्क्रमित मध्य विद्यालय, परसामाधो को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2259. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखण्ड अंतर्गत भोटाधाना पं0 के चाँदनी चौक, ईलवाबारी में खेल स्टेडियम के लिये पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, परन्तु स्टेडियम का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*2260. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर एवं हनुमान नगर प्रखण्ड में मध्य विद्यालय यथा कपछाही, बरूआरा, नेयाम आदि को उत्क्रमित कर माध्यमिक एवं +2 में परिवर्तित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त माध्यमिक एवं +2 विद्यालयों में बच्चे नामांकन लेकर पढ़ाई कर रहे हैं, परन्तु उक्त विद्यालयों में गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी सहित अन्य विषयों के शिक्षकों की संख्या न के बराबर है, इस संबंध में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा जिलाधिकारी, दरभंगा को वर्ष 2017 में स्मारित भी किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

औपचारिक वेतन देना

*2261. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में रसोईया का काम करने वाली गरीब महिलाओं को प्रधानाध्यापकों द्वारा अनाधिकारिक रूप से 1,200.00 रु0 प्रतिमाह दिया जाता है, इतने कम समय में उन्हें जीवन यापन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रसोइयों का खाता खुलवाकर उन्हें कम से कम 3,000.00 रु0 प्रतिमाह औपचारिक रूप से दिलाने का विचार रखती है ?

---

योजनाओं का लाभ देना

*2262. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत रा0 कृ0 उच्च विद्यालय, रामदीरी में वर्ष 2016-17 के लिये मुख्यमंत्री शताब्दी बालिका पोशाक योजना के अंतर्गत 40 छात्रा एवं मुख्यमंत्री बालक/बालिका साइकिल योजना के अंतर्गत 38 छात्र/छात्राएँ 75 प्रतिशत उपस्थिति के बावजूद उक्त योजना के लाभ से वंचित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आशय की सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पत्रांक 10, दिनांक 5 फरवरी, 2018 के माध्यम से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, योजाना एवं लेखा को दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय के छात्र/छात्राओं को उक्त योजना का लाभ कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*2263. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अंतर्गत रोहिनियाँ गाँव से उत्तर में सरकारी जमीन की उपलब्धता के उपरांत भी स्टेडियम का निर्माण नहीं होने के कारण खेल प्रेमियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषियों पर कार्रवाई

*2264. डॉ0 फराज फातमी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंहवाड़ा प्रखण्ड के राजकीय बुनियादी विद्यालय हरिपुर, लाहीर में मॉडल स्कूल बी0एस0ई0आई0डी0सी0 द्वारा वर्ष 2016 में निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्कूल के निर्माण में हुई अनियमितता के संबंध में आम लोगों ने दिनांक 30 अगस्त, 2016 को प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को शिकायत की गई, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त स्कूल का भवन बनकर तैयार होने के बावजूद उक्त भवन को अबतक हस्तगत नहीं कराया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्कूल भवन को हस्तगत कबतक कराने तथा अनियमितता की जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति

*2265. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक उच्च विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षक के अभाव में वर्षों से विद्यालयों में रखे कम्प्यूटर खराब है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित उच्च विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अंगीभूत कराना

*2266. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्ड के बैरिया पंचायत अंतर्गत पुनपुन उच्च विद्यालय, बैरिया तथा केरका पंचायत अंतर्गत महंत श्री सुग्रीम उच्च विद्यालय, धुंधुआ अंगीभूत नहीं रहने के कारण विद्यालय में आधारभूत संरचना का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों उच्च विद्यालयों को अंगीभूत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रभार शुल्क पर रोक

*2267. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में प्राइमरी से उच्चतर माध्यमिक तक छात्राओं के लिए मुफ्त शिक्षा का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रावधान के बावजूद +2 उच्च विद्यालय, फतुहा सहित बिहार के विद्यालयों में छात्राओं से कॉमन रूम, लाइब्रेरी एवं लेबोरेट्री मदों शुल्क वसूल किये जा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रावधान के तहत छात्राओं से किसी भी प्रभार शुल्क लिये जाने पर रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिरिक्त भवन का निर्माण

*2268. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखण्ड के घोड़ाघाट में राजकीय अभ्यास बुनियादी विद्यालय का भवन जर्जर अवस्था में हैं, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में अतिरिक्त भवन निर्माण एवं जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वृद्धा पेंशन देना

*2269. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के रामसिंह डीह पंचायत के ककोरिया गाँव के प्रकाश यादव (विकलांग) एवं मनकी देवी विधवा को विगत तीन वर्षों से वृद्धा पेंशन नहीं दिये जाने के कारण उनलोगों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त व्यक्तियों को कबतक वृद्धा पेंशन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षकों का पदस्थापन

*2270. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम-ध्रुवडीहा के राजकीय उच्च विद्यालय में 600 छात्रों पर मात्र 4 शिक्षक विगत 5 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे हैं, जिसके कारण छात्रों को शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार मानक के अनुरूप उक्त विद्यालय में शिक्षकों की पदस्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल-जमाव से मुक्ति

*2271. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखण्ड अंतर्गत मानेश्वर स्थान उच्च विद्यालय, सुरसंड एवं मध्य विद्यालय, मतौना में खेल के प्रांगण में बरसात के दिनों में जल-जमाव होने के कारण छात्र/छात्राओं को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों के खेल प्रांगण में जल-जमाव से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मैथिली भाषा को माध्यमिक शिक्षा में शामिल करना

*2272. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मैथिली भाषा देश के अष्टम अनुसूची में शामिल है एवं बिहार के लगभग आधी आबादी की भाषा मैथिली है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अष्टम अनुसूची में शामिल होने के बावजूद माध्यमिक तक के पाठ्यक्रम में इस भाषा को शामिल नहीं किया गया है तथा वर्ष 1990 के बाद उक्त विषय को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की बहाली नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मैथिली शिक्षकों के बहाली के साथ-साथ मैथिली भाषा को माध्यमिक शिक्षा तक भी पठन-पाठन में शामिल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*2273. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के चकपंचायत के डोकरैल गाँव के मध्य विद्यालय के आगे 3 एकड़ जमीन में खेल का मैदान है, जहाँ प्रतिवर्ष जिला स्तर पर खेल-कूद का आयोजन किया जाता है, लेकिन स्टेडियम नहीं है और उक्त मैदान स्टेडियम बनाने हेतु सभी अर्हताएँ पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*2274. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत धनरूआ प्रखण्ड के पभेड़ा गाँव में स्थित श्री रामहरी उच्च विद्यालय +2 की 5 एकड़ 83 डी0 जमीन पर स्थानीय ग्रामीण सर्वश्री कृष्ण सिंह, श्री मुरारी सिंह, श्री मदन सिंह, प्रभुदयाल सिंह आदि द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिससे विद्यालय के छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय की जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराते हुये चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छात्रवृत्ति राशि का वितरण

*2275. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के सभी मदरसों में छात्र-छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2013-14 तक छात्रवृत्ति की राशि मिली थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला के मदरसों में पठन-पाठन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2014-15, 2015-16 एवं 2016-17 तक की छात्रवृत्ति राशि का वितरण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जिला के मदरसों के छात्र एवं छात्राओं को कबतक छात्रवृत्ति राशि का वितरण पुनः शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करना

*2276. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कॉलेज में पढ़ रहे नेत्रहीन दिव्यांग छात्रों से शिक्षण शुल्क नहीं लिये जाने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कॉलेज के स्तर पर दिव्यांगों को नि-शुल्क शिक्षा प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*2277. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा एवं भागलपुर में साढ़े तीन साल पहले केन्द्रीय सरकार ने सॉफ्टवेयर पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया था, परन्तु राज्य सरकार द्वारा इसके लिये अभीतक जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार दरभंगा में सॉफ्टवेयर पार्क के लिए दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज की जमीन को चिन्हित किया था, लेकिन इसकी सूचना अभीतक भारत सरकार को नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दरभंगा एवं भागलपुर में जमीन उपलब्ध कराकर सॉफ्टवेयर पार्क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2278. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा नगरा एवं मकेर सहित प्रखण्डों में स्वीकृत लगभग 300 आँगनबाड़ी केन्द्रों में से 100 आँगनबाड़ी केन्द्रों का भवन का निर्माण हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार शेष आँगनबाड़ी केन्द्रों का भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

संरक्षित करना

*2279. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के बड़ीजान-पोठीमारी जागीर पंचायत के बड़ीजान गाँव में सूर्य देव की बेशकीमती एवं ऐतिहासिक महत्व की मूर्तियाँ खुले आसमान के नीचे रखी हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निदेशक, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा इन मूर्तियों को भागलपुर हस्तान्तरित कराने का निर्देश दिया गया है । जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है, जबकि सरकारी भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मूर्तियों को बड़ीजान में सरकारी भूमि पर भवन निर्माण कर कबतक संरक्षित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

दोषी पदा0 पर कार्रवाई

*2280. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के प्रखण्ड लकड़ी नबीगंज एवं गोरेया कोठी में 90 प्रतिशत आँगनबाड़ी केन्द्रों पर कागजी खानापूर्ति की जा रही है, जबकि 10 प्रतिशत आँगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को सम्बन्धित सुविधा नहीं दी जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

पथ का पक्कीकरण

*2281. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखंड मुख्यालय से 25 कि0 मी0 दूरी पर कैमूर पहाड़ी की गुफा में गुप्ता धाम अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वन विभाग की सड़क कुदरा-चेनारी एस0एच0 मल्हीपुर, करमचट बाँध होते हुये गुप्ता धाम तक जाने वाली पथ कच्ची रहने के कारण प्रत्येक वर्ष वाहन से जाने के क्रम में श्रद्धालुओं को कठिनाई और दुर्घटना का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कच्ची पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पौधा का संरक्षण

*2282. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के सड़कों के किनारे लगे पुराने वृक्ष काफी संख्या में सूख गये हैं, कुछ रोड वाईडनिंग की वजह से काटे गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़कों के किनारे लगे पेड़ों के जड़ों को पूरी तरह से सीमेन्ट कंकरीट से ढक देने से पेड़ पौधे पूरी तरह से सुरक्षित हो जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना शहर के सड़कों के किनारे लगे सभी पेड़-पौधे के ग्रउटिंग कर सुरक्षित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मानदेय का भुगतान

*2283. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज प्रखण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय के अंतर्गत कार्य करने वाली 109 सेविका एवं सहायिका को अठारह माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, जिसके कारण सेविका एवं सहायिका के सम्मुख आर्थिक कठिनाई उत्पन्न हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड के सेविका एवं सहायिका को बकाया मानदेय का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पौधा वितरित कराना

*2284. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के नौतन एवं बैरिया प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में मुख्यमंत्री निजी पौधाशालाओं से उत्पादित हुई पोपुलर प्रजाति के पौधों को कृषि वानिकी योजना के तहत किसानों के बीच वितरीत करने की योजना है, जिसकी प्रत्येक वर्ष खानापूर्ति की जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजना के तहत पोपुलर प्रजाति के पौधों के किसानों के बीच वितरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2285. श्री अरूण कुमार (75)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखण्ड सौरबाजार में मनोहर उच्च विद्यालय, बैजनाथपुर एवं कहरा प्रखंण्ड में म0 मीठु दास उच्च विद्यालय, अमरपुर एवं मनोहर उच्च विद्यालय, सहरसा का भवन विगत 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*2286. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत भलुआ में मध्य विद्यालय है, परन्तु उक्त प्रखण्ड के 10 कि0 मी0 के दायरे में कोई 10+2 विद्यालय नहीं है, जबकि उक्त मध्य विद्यालय का 2 एकड़ जमीन है तथा उत्क्रमित करने हेतु अर्हताएँ मौजूद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय को 10+2 में कबतक उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*2287. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मोतीपुर प्रखंण्ड में स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोतीपुर आदर्श विद्यालय है, परन्तु उक्त विद्यालय की चहारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय प्रांगण में पशुओं के आने-जाने से पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय के चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2288. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला मुख्यालय में राज्य स्तरीय क्रिकेट स्टेडियम नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आई0जी0 स्टेडियम पूर्णियाँ में डे-नाईट क्रिकेट मैच खेलने के लिये फ्लड लाइट, पिच, कॉमनटेटर वौक्श, ड्रेसिंग रूम शौचालय आदि की व्यवस्था नहीं है जिससे राज्य स्तरीय मैच के आयोजन में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्टेडियम को आधुनिक सुविधा युक्त कबतक बनाने का विचार रखती है ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2289. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत लखनौर प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, तमुरिया तथा मधेपुर प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, भीठ भगवानपुर में स्टेडियम के निर्माण का प्रस्ताव मुख्यालय स्तर पर विगत दो वर्षों से लम्बित है, जिस हेतु जिला पदाधिकारी, मधुबनी के याचित प्रतिवेदन उनके पत्रांक 1573/जी0वि0, दिनांक 30 दिसम्बर, 2013 द्वारा विभाग को समर्पित है, परन्तु अभीतक उक्त विद्यालयों में स्टेडियम का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों में इंडोर स्टेडियम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अवकाश देना

*2290. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार जिला परिषद् माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षक नियमावली 2014 में माध्यमिक या उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों को तीन वर्षों के लिये अध्ययन अवकाश की सुविधा दी गयी है जबकि नियोजित शिक्षकों को अध्ययन अवकाश एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित नियोजित शिक्षकों को लम्बी अवधि का अवकाश देय नहीं रहने के कारण नियोजित शिक्षकों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों प्रकार के अवकाश उक्त शिक्षकों को कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल-जमाव से मुक्ति

*2291. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम-पठनपुरा में मध्य विद्यालय के प्रांगण में बड़ा खेल का मैदान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रांगण में बरसात के समय में जल-जमाव रहने के कारण छात्र/छात्राओं को खेलने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मैदान में गिट्टी भराकर जल-जमाव से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*2292. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखण्ड अंतर्गत कमतौल पंचायत के जे0एम0 उच्च विद्यालय के परिसर में 2009 में स्वीकृत स्टेडियम का निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे प्रखण्ड में कई स्तरीय खेल मैदान होने के बावजूद अभीतक क्षेत्र के नौजवान के लिए कोई स्टेडियम उपलब्ध नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखण्ड के जोगियारा पंचायत के जोगियारा गाँव में स्थित श्री राम जी प्रिया उच्च विद्यालय में नये स्टेडियम के मानक के हिसाब से जगह उपलब्ध है तथा जिसका अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा 2017 में दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार श्री राम जी प्रिया उच्च विद्यालय के मैदान में स्टेडियम निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जमीन रजिस्ट्री करना

*2293. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा (सारण) जिलान्तर्गत शहरी क्षेत्र के जमीनों का रजिस्ट्री, निबंधन विभाग द्वारा जून, 2017 से बन्द कर दी गयी है, जिसके कारण आमजन को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार छपरा शहरी क्षेत्र के जमीनों का रजिस्ट्री पूर्व की भाँति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

संस्कृति केन्द्र की स्थापना

*2294. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा प्रखंड के कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं रहने से युवाओं में कला एवं संस्कृति संबंधी ज्ञान की प्राप्ति के लिए अन्यत्र जाना पड़ता है, जिसके कारण आर्थिक दृष्टि से कमजोर समुदाय के युवा लाभ प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड में कला एवं संस्कृति केन्द्र की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रधानाध्यापक की प्रतिनियुक्ति

*2295. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बततलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर विधान सभा क्षेत्र के सुभाष हाई स्कूल, इस्लामपुर एवं कुण्डवापुर हाई स्कूल में प्रधानाध्यापक का पद रिक्त है, जिसका प्रभार उक्त स्कूलों में कार्यरत शिक्षक को दे दिया गया है, जिसके कारण शिक्षण कार्य सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्कूलों में प्रधानाध्यापक की प्रतिनियुक्ति कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

संविदा पर बहाल करना

*2296. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत संकल्प सं0 2804, दिनांक 29 मार्च, 2010 द्वारा सरकारी कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कर्मियों के कमी को देखते हुये सेवानिवृत्त कर्मियों को संविदा पर रखने का निर्णय लिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला सहित राज्य के अन्य जिलों में शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यालय एवं राजकीयकृत प्रोजेक्ट उच्च विद्यालयों में सेवानिवृत्ति के कारण लिपिक एवं आदेशपाल के पद रिक्त हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कार्यालयों एवं विद्यालयों में सेवानिवृत्त कर्मियों को संविदा पर बहाल करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सामुदायिक भवन का निर्माण

*2297. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखण्ड में एक भी अनुसूचित जाति सामुदायिक विकास भवन नहीं रहने के कारण उक्त प्रखण्डों के लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रम करने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड मुख्यालय के समीप स्थित अनुसूचित छात्रावास के नजदीक एक अनुसूचित जाति सामुदायिक विकास भवन का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षक उपलब्ध कराना

*2298. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फुलवारी प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, सोरंगपुर, पलंगा एवं परसा को +2 का दर्जा प्राप्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि +2 का दर्जा प्राप्त होने के उपरांत भी शैक्षणिक कार्य हेतु भवन, प्रयोगशाला एवं पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में भवन, प्रयोगशाला एवं शिक्षक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दर्जा दिलाना

*2299. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखण्ड अंतर्गत कुरकुरी पंचायत के ग्राम-पिपरा में प्राथमिक विद्यालय अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के बच्चों को मध्य विद्यालय में पठन-पाठन के लिये 5 कि0मी0 की दूरी तय करके अन्यत्र स्थान पर जाना पड़ता है, जिससे बच्चों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय को कबतक उत्क्रमित कर मध्य विद्यालय का दर्जा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2300. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में वित्तीय वर्ष 2016-17 में पोशाक योजना के लिये 117908600 रुपये, छात्रवृत्ति योजना में 28413000, किशोरी स्वास्थ्य योजना में 5554650, परिभ्रमण योजना के तहत 13680000 तथा साइकिल योजना के तहत 148675000 लाख रुपया का आवंटन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में छात्रवृत्ति, किशोरी स्वास्थ्य योजना, परिभ्रमण योजना, साइकिल योजना की वित्तीय वर्ष 2016-17 की राशि जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं डी0पी0ओ0 (लेखा), गोपालगंज द्वारा छात्र-छात्राओं के खाते में नहीं भेजी गई, जिले के छात्र-छात्राएँ वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसके लिये उक्त दोषी पदाधिकारियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आधारभूत संरचना उपलब्ध करना

*2301. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के सदर प्रखण्ड अंतर्गत मोहनपुर स्थित रामनंदन सिंह उच्च विद्यालय, मोहनपुर को +2 की मान्यता दी जा चुकी है, परन्तु इस विद्यालय में उच्चतर माध्यमिक के लिये कोई आधारभूत संरचना उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्राथमिक विद्यालय खोलना

*2302. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 दिनांक 1 अप्रैल से लागू हो गया है, जिसके तहत 6--14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को शिक्षा के अधिकार की पूर्ति हेतु प्रत्येक बसावट क्षेत्र के 1 कि0मी0 के अंदर प्राथमिक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करायी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहाँ प्रखण्ड के रायपुर जयपाल पंचायत के ग्राम-विशुनपुर, खेतल के 3 कि0मी0 के दायरे में कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं है, जिससे स्थानीय बच्चों को प्राथमिक शिक्षा में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना :
दिनांक 27 मार्च, 2018 (ई0)।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0(एल0ए0),132- डी0टी0पी0-500